


# अण्डमान निकोबार द्वीप समाचार




रजि.न.34300/80 | संख्या 01 | श्री विजय पुरम, गुरूवार, 01 जनवरी 2026 | web: dt.andamannicobar.gov.in | 2.00 रुपए

## नव वर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएँ



'नव वर्ष 2026' के शुभ अवसर पर अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के समस्त द्वीपवासियों को मेरी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

नव वर्ष हमें अपनी साझा यात्रा पर चिंतन, सामूहिक संकल्प को नवीकृत करने और नई आशा और दृढ़ निश्चय के साथ निरंतर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि एकता, पारस्परिक सहयोग और समावेशी विकास के प्रति साझा प्रतिबद्धता से शक्ति पाकर, आने वाला वर्ष हमारे द्वीपों में निरंतर प्रगति और विकास का साक्षी बनेगा।

हम सब मिलकर माननीय प्रधानमंत्री जी के 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में दृढ़तापूर्वक कार्य करते रहेंगे, जिससे सतत् विकास, उत्तम शासन व्यवस्था और प्रत्येक द्वीपवासी के जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि सुनिश्चित हो सके।

नव वर्ष 2026 आप सभी के लिए अच्छे स्वास्थ्य, शांति, समृद्धि और प्रसन्नता लेकर आए। आइए हम सकारात्मकता और समर्पण के साथ आगे बढ़ें और अपने द्वीपसमूह की निरंतर प्रगति में सार्थक योगदान दें।

**आप सभी को नव वर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएँ!**

डी.के. जोशी

(एडमिरल डी.के. जोशी)
पीवीएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम, एनएम, वीएसएम (अ.प्रा.)
उप राज्यपाल
अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह
एवं उपाध्यक्ष, द्वीप विकास एजेंसी





रियर एडमिरल बिप्लब होता, वीएसएम, चीफ ऑफ स्टाफ, अण्डमान तथा निकोबार कमान ने 17 महीनों से अधिक की उत्कृष्ट सेवा के उपरांत आज लोक निवास में अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के माननीय उप राज्यपाल एवं द्वीप विकास एजेंसी के उपाध्यक्ष एडमिरल डी. के. जोशी, पीवीएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम, एनएम, वीएसएम (अ.प्रा.) से शिष्टाचार भेंट कर विदाई ली। माननीय उप राज्यपाल ने अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन को प्रदान किए गए उनके अटूट सहयोग के लिए हार्दिक सराहना व्यक्त की तथा उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएँ दीं।

# मधुर लोक गीत–संगीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ द्वीप पर्यटन महोत्सव का यादगार समापन हुआ

## प्रदर्शनी मैदान में सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशक ने सर्वश्रेष्ठ स्टॉलों को पुरस्कृत किया और महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी हितधारकों का आभार व्यक्त किया




मत्स्य विभाग को सरकारी स्टॉल श्रेणी में प्रथम पुरस्कार मिला




आइसी स्पाइसी को फूड स्टॉल श्रेणी में प्रथम पुरस्कार मिला



डॉ. ऋतिका मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल को सामान्य स्टॉल श्रेणी में प्रथम पुरस्कार मिला







श्री विजय पुरम, 31 दिसंबर

द्वीप पर्यटन महोत्सव (आईटीएफ)–2025 का समापन मधुर संगीत, संस्कृति और जीवंत प्रस्तुतियों के समन्वय के साथ अत्यंत उल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ। उत्सव के अंतिम दिन होने के कारण आईटीएफ पवेलियन स्थित मुख्य स्थल पर नववर्ष की पूर्व संध्या मनाने और उत्सवी माहौल का आनंद लेने के लिए परिवारों एवं मित्रों की भारी भीड़ उमड़ी। प्रतिभाशाली कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किए रखा, वहीं विविध खाद्य स्टॉलों पर उपलब्ध स्वादिष्ट व्यंजनों ने हर स्वाद के अनुरूप लज़ीज़ विकल्प प्रस्तुत किए। सभी आयु वर्ग के लोग उत्सव का भरपूर आनंद लेते हुए नज़र आए।

हमारे संवाददाता की रिपोर्ट के अनुसार उत्सव की शोभा को और बढ़ाते हुए विशिष्ट उत्पादों और जानकारीपूर्ण प्रदर्शनों से सजे स्टॉल प्रमुख आकर्षण बने, जिनकी ओर चारों दिशाओं से आगंतुक आकर्षित हुए। लोग एक स्टॉल से दूसरे स्टॉल तक घूमते हुए उत्सव के उस उल्लासपूर्ण वातावरण में डूबे रहे, जो सूचना, प्रचार एवं पर्यटन विभाग द्वारा कला एवं संस्कृति तथा अन्य सम्बद्ध विभागों के सहयोग से आयोजित द्वीप पर्यटन महोत्सव–2025 की पहचान रहा। स्थल का केंद्रबिंदु भव्य मंच रहा, जहां मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने फन गेम्स कॉर्नर में अपनी खुशी का आनंद लिया, जबकि अन्य लोगों ने सेल्फी स्टैंड पर अपनों के साथ यादगार पलों को कैमरे में क़ैद किया।

मुख्य अतिथि के रूप में निदेशक (सूचना, प्रचार एवं पर्यटन) श्री विनायक चमाड़िया (आईएएस) ने सरकारी क्षेत्र, फूड स्टॉल एवं सामान्य स्टॉल की सर्वश्रेष्ठ श्रेणियों में पुरस्कार वितरित किए। अपने संक्षिप्त संबोधन में निदेशक ने आईटीएफ–2025 को भव्य सफलता दिलाने के लिए सभी विभागों, कलाकारों, प्रतिभागियों, स्टॉल संचालकों, सुरक्षा कर्मियों तथा इन द्वीपों की जनता के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। स्टॉल पुरस्कार विजेताओं को उनकी रचनात्मकता, नवाचार तथा द्वीपों की संस्कृति और उत्पादों की जीवंत प्रस्तुति के लिए बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि उनकी सक्रिय सहभागिता ने इस उत्सव की भावना को वास्तव में समृद्ध किया है।

इसके अनुसार, सरकारी स्टॉल श्रेणी में मत्स्य विभाग ने प्रथम पुरस्कार, श्री विजय पुरम नगरपालिका परिषद ने द्वितीय पुरस्कार तथा जनजातीय कल्याण विभाग ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। फूड स्टॉल श्रेणी में आइसी स्पाइसी ने प्रथम पुरस्कार, मलाबार किचन ने द्वितीय पुरस्कार और ज़ेस्ट किचन ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। सामान्य स्टॉल श्रेणी में डॉ. ऋतिका मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने प्रथम पुरस्कार, वीएफ ग्रीन फैक्ट्री एक्वेरियम्स ने द्वितीय पुरस्कार तथा करण फैब्रिकेशन ने तृतीय पुरस्कार हासिल किया।

द्वीप पर्यटन महोत्सव द्वीपों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रदर्शन के साथ एक सफल आयोजन सिद्ध हुआ। स्थानीय सांस्कृतिक संगठनों ने समापन अवसर पर अपनी विशिष्ट प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह का भरपूर मनोरंजन किया।

आईटीएफ मुख्य पवेलियन में संध्या की शुरुआत कैलाशपती क्लासिकल डांस अकादमी एवं नृत्य अकादमी ऑफ क्लासिकल डांस द्वारा प्रस्तुत मनोहारी शास्त्रीय नृत्य कार्यक्रमों से हुई। इसके पश्चात पूर्वी क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र (ईज़ेडसीसी) के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत ऊर्जावान संबलपुरी नृत्य ने दर्शकों को रोमांचित किया। बाद में गुजरात के युवा सेवा एवं सांस्कृतिक गतिविधि विभाग के रास कलाकारों ने सजीव प्रस्तुति दी, जबकि भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ के कथक कलाकारों ने अपनी सुसंस्कृत एवं सधी हुई प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। छत्तीसगढ़ की लोक एवं जनजातीय नृत्य प्रस्तुतियां, अनुष्ठान एवं लोक संगीत भी संस्कृति एवं भाषा निदेशालय के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए। सुर सप्तक–संगीत अकादमी की संगीतमय प्रस्तुतियों तथा सितेश

शेष पृष्ठ 4 पर

## सांसद ने दी नववर्ष की शुभकामनाएँ



श्री विजय पुरम, 31 दिसम्बर

अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के माननीय सांसद श्री बिष्णु पद राय ने नववर्ष 2026 के शुभ अवसर पर अण्डमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के समस्त निवासियों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ एवं मंगलकामनाएँ प्रेषित की हैं।

अपने संदेश में उन्होंने कहा कि नववर्ष प्रत्येक परिवार के लिए शांति, उत्तम स्वास्थ्य, समृद्धि एवं खुशहाली लेकर आए तथा हमारे सुंदर द्वीप एकता, सद्भाव और सामूहिक प्रयासों के साथ निरंतर प्रगति करते रहें।

उन्होंने आशा एवं विश्वास व्यक्त किया कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आशीर्वाद एवं दूरदर्शी नेतृत्व तथा माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के मार्गदर्शन में आने वाले वर्षों में हमारे द्वीप सतत विकास और द्वीपवासियों के कल्याण में नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेंगे।

## नगर प्रमुख ने दी शुभकामनाएँ

श्री विजय पुरम, 31 दिसंबर

श्री विजय पुरम नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष श्री एस. शाहुल हमीद ने श्री विजय पुरम नगरपालिका परिषद के सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों की ओर से समस्त द्वीपवासियों को नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं समृद्धि की कामना की। अपने संदेश में उन्होंने कहा, "यह नववर्ष सभी के लिए आनंद, सफलता और नए अवसर लेकर आए।"

## नौका संचालकों एवं पर्यटन हितधारकों के लिए परामर्श

श्री विजय पुरम, 31 दिसंबर

आम जनता एवं सभी संबंधित हितधारकों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायतें अथवा स्थानीय पंचायत प्राधिकरण न्यू वंडूर तट (फिश लैंडिंग जेटी के समीप) पर ग्लास बॉटम बोट, पैरासेलिंग अथवा अन्य संबद्ध जल क्रीड़ा गतिविधियों के संचालन हेतु किसी भी प्रकार की अनुमति, स्वीकृति या अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने के लिए अधिकृत नहीं हैं।

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय से प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार वर्तमान में लागू नियमों, दिशानिर्देशों एवं सुरक्षा विनियमों के अनुसार, नौकाओं/पोतों के संचालन की अनुमति प्रदान करने का अधिकार केवल पत्तन प्रबंधन बोर्ड (पीएमबी) तथा उपायुक्त (दक्षिण अण्डमान) के कार्यालय के अधिकार क्षेत्र में आता है। सभी नाव मालिकों एवं संबंधित हितधारकों को सलाह दी जाती है कि वे वैध अनुमति प्राप्त करने के लिए केवल नामित सक्षम प्राधिकरणों से ही संपर्क करें तथा निर्धारित मानकों, सुरक्षा मानदंडों एवं लागू कानूनी प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। यह स्पष्टीकरण जन–जागरूकता के हित में, किसी भी प्रकार की भ्रांति से बचने तथा उचित नियामक अनुपालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जारी किया गया है।

## सीबीएसई ने जारी किया 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं का संशोधित कार्यक्रम

नई दिल्ली, 31 दिसंबर।




केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड –सीबीएसई ने कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं की संशोधित तिथियों की घोषणा की है। सीबीएसई के अनुसार कक्षा 10वीं की परीक्षा जो पहले 3 मार्च को निर्धारित थी वे अब 11 मार्च को आयोजित की जाएगी।

वहीं कक्षा 12वीं की परीक्षा की तिथि 3 मार्च के स्थान पर अब 10 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। बोर्ड ने बताया कि प्रशासनिक कारणों से तिथियों में यह बदलाव किया गया है। सीबीएसई ने स्कूलों से भी अनुरोध किया है कि वे इस सूचना को सभी संबंधित छात्रों और अभिभावकों तक पहुंचाएं।

## मधुर लोक गीत–संगीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ————————पृष्ठ 1 का शेष







लाइव ऑर्केस्ट्रा के जोशीले कार्यक्रम ने उत्सव की रौनक को और बढ़ाया। साथ ही, मरीना एस्प्लेनेड भी सांस्कृतिक गतिविधियों से गुलज़ार रहा, जहां श्री सीतारामंजनैया मंदिर समिति, शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों एवं श्री सीतारामंजनैया यूथ क्लब की प्रस्तुतियों को बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शकों ने सराहा। छत्तीसगढ़ की लोक एवं जनजातीय नृत्य प्रस्तुतियों तथा दक्षिण क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र (एसज़ेडसीसी) के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत मयूरनृत्यम ने भी खूब तालियां बटोरी। संध्या का समापन 'अर्पण म्यूज़िक अकादमी' के ऊर्जावान लाइव बैंड प्रदर्शन के साथ हुआ। शहीद द्वीप में एसज़ेडसीसी कलाकारों द्वारा मयूरनृत्यम, थीरा, थेय्यम/मरक्कलट्टम, करगम, ओयिल और थप्पट्टम जैसी पारंपरिक कला शैलियों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसके पश्चात गीत संगीत म्यूज़िकल ग्रुप (कराओके) की मधुर प्रस्तुति हुई। इसी प्रकार स्वराज द्वीप में जम्मू एवं कश्मीर के कलाकारों द्वारा लोक नृत्य तथा सोल म्यूज़िकल एसोसिएशन द्वारा कराओके प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मनोरंजन किया। कैंपबेल बे में भी दर्शकों ने एसज़ेडसीसी कलाकारों द्वारा पारंपरिक नृत्य प्रस्तुतियों तथा इवेंट म्यूज़िकल ग्रुप द्वारा कराओके कार्यक्रम का आनंद लिया। इन विविध प्रस्तुतियों ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रतिबिंबित करते हुए उत्सव को एक जीवंत एवं यादगार समापन प्रदान किया, जिसे स्थानीय लोगों और पर्यटकों–दोनों से उत्साहपूर्ण सहभागिता एवं सराहना प्राप्त हुई।

## प्रोथरापुर की खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

श्री विजय पुरम, 31 दिसंबर

माई भारत, श्री विजय पुरम द्वारा आयोजित प्रोथरापुर खंड की खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2025–26, खंड के विभिन्न क्षेत्रों से युवाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुई। खेल प्रतियोगिताएँ 27 से 28 दिसंबर, 2025 तक आयोजित की गईं, जबकि पुरस्कार वितरण समारोह 30 दिसंबर, 2025 को फायर ब्रिगेड मुख्यालय, सप्लाई लाइन के समीप स्थित अण्डमान महिला मंडल, श्री विजय पुरम में आयोजित हुआ। सभी विजेताओं को माई भारत के मानदंडों के अनुसार पुरस्कार, प्रमाण पत्र एवं स्वर्ण पदक प्रदान कर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और खेल भावना को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत समूह श्रेणी में पुरुषों के लिए वॉलीबॉल टूर्नामेंट तथा महिलाओं के लिए रस्साकशी (टग ऑफ वॉर) का आयोजन किया गया। व्यक्तिगत खेल श्रेणी में पुरुषों एवं महिलाओं के लिए पृथक रूप से 100 मीटर दौड़ तथा टेबल टेनिस एकल प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। युवा प्रतिभागियों ने उच्च स्तर का अनुशासन, ऊर्जा, प्रतिबद्धता एवं टीम भावना का प्रदर्शन करते हुए पूरे आयोजन के दौरान प्रेरणादायक खेल वातावरण का सृजन किया। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान मुख्य अतिथि श्री पी. वी. एन. सरमा, प्राचार्य, अण्डमान लॉ कॉलेज ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए युवाओं में चरित्र निर्माण, आत्मविश्वास एवं नेतृत्व गुणों के विकास में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि स्वामी शुद्धानंद सरस्वती जी, अध्यक्ष, चिन्मय मिशन ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि जो विजयी नहीं हो पाते, वे भी विजेता ही होते हैं, क्योंकि खेलों में भागीदारी सदैव सीख, साहस और दृढ़ संकल्प प्रदान करती है। विशेष अतिथि डॉ. आर. जी. एस. बघेल, सहायक प्राध्यापक (भूगोल), जेएनआरएम ने जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए सहनशक्ति, निरंतरता एवं सशक्त मानसिक एकाग्रता के महत्व पर अपने विचार साझा किए। प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार सम्पूर्ण कार्यक्रम का समन्वय माई भारत के श्री गोपाल चंद्र बिस्वास द्वारा किया गया, जिन्होंने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी गणमान्य अतिथियों, प्रतिभागियों, स्वयंसेवकों एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।



## अण्डमान लॉ कॉलेज में 'तेरे मेरे सपने' टैगलाइन के साथ प्री–मैरीटल कम्युनिकेशन सेंटर का उद्घाटन

श्री विजय पुरम, 31 दिसंबर

बुधवार को अण्डमान लॉ कॉलेज में प्री–मैरीटल कम्युनिकेशन सेंटर (पीएमसीसी) का उद्घाटन किया गया। यह पीएमसीसी राष्ट्रीय महिला आयोग की क्षमता विकास प्रकोष्ठ की एक पहल है, जिसकी टैगलाइन 'तेरे मेरे सपने' है। यह केंद्र देश में 64वां तथा अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह केंद्र शासित प्रदेश का पहला केंद्र है। इस केंद्र का उद्घाटन अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह केंद्र शासित प्रदेश के समाज कल्याण निदेशालय के निदेशक श्री रविंदर कुमार द्वारा अण्डमान लॉ कॉलेज के विद्यार्थियों, कर्मचारियों एवं संकाय सदस्यों की उपस्थिति में किया गया। प्राचार्य डॉ. पी. वी. एन. सरमा एवं संकाय सदस्यों ने श्री रविंदर कुमार का स्वागत एवं अभिनंदन किया। अपने संबोधन में श्री रविंदर कुमार ने कहा कि विवाह–पूर्व तैयारी के अभाव से वैवाहिक कलह, असामंजस्य एवं असंतोष उत्पन्न होता है, जिससे अविश्वास की भावना पनपती है, घरेलू हिंसा एवं दुर्व्यवहार के मामलों में वृद्धि होती है और अंततः युवा दंपतियों के बीच तलाक की स्थिति तक पहुँच जाती है। इस संदर्भ में युवाओं के लिए यह उचित होगा कि वे विवाह से पूर्व विचार–विमर्श, चर्चा एवं निर्णय करें, जिसमें पीएमसीसी सहायक सिद्ध होगा। प्राचार्य डॉ. पी. वी. एन. सरमा ने कहा कि इस पीएमसीसी का मुख्य उद्देश्य भावी जीवनसाथियों को यह समझाना है कि यदि विवाह एक विकल्प है, तो वह एक सुविचारित एवं जागरूक विकल्प होना चाहिए। उन्होंने राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा श्रीमती विजया रहातकर का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस केंद्र को स्वीकृति प्रदान करते समय अण्डमान लॉ कॉलेज की क्षमताओं पर वियवास जताया। हाल ही में उन्होंने ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण द्वारा अण्डमान लॉ कॉलेज के सहयोग से संचालित निःशुल्क विधि सहायता सेवा क्लिनिक का दौरा किया था। केंद्र के सुचारु संचालन से प्रभावित होकर अध्यक्षा महोदया ने अण्डमान लॉ कॉलेज को यह पीएमसीसी स्वीकृत किया।



## संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा, सुधार विंडो सक्रिय

श्री विजय पुरम, 31 दिसंबर

प्रशासन की रिक्ति सूचना संख्या 4–12/2025–आर एंड ई सेल /382 दिनांक 6 नवंबर, 2025 के क्रम में, संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु 7 जनवरी, 2026 को प्रातः 11 बजे से 13 जनवरी, 2026 (मध्यरात्रि 12 बजे) तक सुधार विंडो खोली जा रही है, ताकि आवेदक यदि कोई त्रुटि हो तो उसे सुधार सकें। प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार तदनुसार, आवेदक सुधार के लिए पोर्टल **https://erecruitment.andamannicobar.gov.in** पर जा सकते हैं। 13 जनवरी, 2026 (मध्यरात्रि) को आवेदन की अंतिम तिथि तक वेबसाइट पर उपलब्ध अभ्यर्थियों का विवरण अंतिम माना जाएगा। अतः अभ्यर्थियों को अपने हित में सलाह दी जाती है कि वे निर्धारित समय–सीमा के भीतर अत्यंत सावधानी एवं सतर्कता के साथ अपने आवेदनों में आवश्यक सुधार कर लें।

## अभ्यर्थियों के लिए सूचना

श्री विजय पुरम, 31 दिसंबर

प्रशासन की रिक्ति सूचना संख्या 4–12/2025–आर एंड ई सेल/382 दिनांक 6 नवंबर, 2025 के क्रम में, संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों/उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि पदों से संबंधित पाठ्यक्रम 2 जनवरी, 2026 को प्रातः 11 बजे से पोर्टल **https://erecruitment.andamannicobar.gov.in** पर उपलब्ध होगा।

## दूरदर्शन के प्रसारण समय में संशोधन

श्री विजय पुरम, 31 दिसंबर

दूरदर्शन केंद्र, श्री विजय पुरम के प्रसारण समय में संशोधन किया गया है। प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार 1 जनवरी, 2026 से दूरदर्शन केंद्र, श्री विजय पुरम अपने नियमित कार्यक्रमों का प्रसारण सोमवार से शुक्रवार सायं 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक करेगा।

## हैचरी संचालकों के लिए व्यापक प्रशिक्षण आरम्भ

श्री विजय पुरम, 31 दिसंबर

द्वीपों में विभागीय हैचरी इकाइयों के सुचारु एवं निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करने तथा परिचालन दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण क्षमता विकास पहल के तहत पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग द्वारा कल अपने हैचरी संचालकों के लिए चार दिवसीय व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह विशेषीकृत प्रशिक्षण हैचरी में स्थिर विद्युत आपूर्ति एवं अनुकूल अंडा सेने (हैचिंग) की परिस्थितियाँ बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण उपकरणों–जेनसेट (जनरेटर सेट) एवं इनक्यूबेटरों–के संचालन, रखरखाव एवं समस्या निवारण पर केंद्रित है। यह कार्यक्रम अण्डमान लोक निर्माण विभाग (एपीडब्ल्यूडी) के अनुभवी विद्युत एवं यांत्रिक अभियंताओं द्वारा संचालित किया जा रहा है, जो प्रतिभागियों को व्यावहारिक जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। विभाग के अंतर्गत विभिन्न इकाइयों से हैचरी संचालक इस प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण में जेनसेट का सुरक्षित संचालन, निवारक रखरखाव, ईंधन प्रबंधन, लोड वितरण, इनक्यूबेटर के तापमान एवं आर्द्रता नियंत्रण, अंशांकन तकनीक, आपातकालीन प्रोटोकॉल तथा मूलभूत मरम्मत जैसे आवश्यक विषय शामिल हैं, ताकि विद्युत आपूर्ति में बाधा या उपकरणों की खराबी के दौरान कार्य में न्यूनतम व्यवधान हो। प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार यह पहल विभाग की क्षेत्रीय कर्मचारियों के तकनीकी कौशल को सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जिससे हैचिंग दर में सुधार, किसानों को गुणवत्तापूर्ण चूजों एवं बतख के बच्चों की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित होगी तथा ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों में बैकयार्ड पोल्ट्री विकास कार्यक्रमों को समर्थन मिलेगा। यह चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 1 जनवरी, 2026 को संपन्न होगा, जिसके पश्चात संचालक हैचरी संचालन को अधिक प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में सक्षम होंगे तथा अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह में पोल्ट्री उत्पादन बढ़ाने में योगदान देंगे।



## सुन्दरगढ़ पंचायत में प्राकृतिक खेती पर चेतना लाई गई

रंगत, 31 दिसंबर

कृषि विभाग, रंगत, मध्य अण्डमान द्वारा राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत कल सुंदरगढ़ पंचायत में 'प्राकृतिक खेती' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बेजॉयगढ़ एवं अडाजिग गांवों के 125 किसानों के समूह ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, नई दिल्ली के निदेशक (आईसी) तथा अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के अपर नोडल अधिकारी डॉ. जितेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

सभा को संबोधित करते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह ने ऐसे कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन पर संतोष व्यक्त किया तथा इस बात पर बल दिया कि कृषि उत्पादों का मूल्य तभी बढ़ेगा जब उनका प्रमाणन किया जाएगा और उपयुक्त बाज़ार संपर्क स्थापित किया जाएगा, जो वर्तमान समय की आवश्यकता है। किसानों से संवाद करते हुए उन्होंने विभिन्न केंद्र प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त लाभों की भी समीक्षा की। इससे पूर्व, सहायक निदेशक (कृषि) श्रीमती शर्ली थॉमस ने डॉ. जितेंद्र सिंह एवं उपस्थित जनसमूह का स्वागत किया तथा इस कार्यक्रम का उद्देश्य पृथ्वी की रक्षा करते हुए अधिक सतत भविष्य की ओर अग्रसर होना बताया। प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार उप–प्रमुख श्री विजय मंडल ने प्राकृतिक खेती के दीर्घकालिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए मृदा स्वास्थ्य में सुधार, लागत में कमी एवं सतत कृषि को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका को रेखांकित किया। सुंदरगढ़ ग्राम पंचायत की उप–प्रधान श्रीमती तारामणि मिंज ने क्षेत्र में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए समर्थन व्यक्त किया। कृषि क्षेत्र सहायक श्री सी. मुरुगन ने प्राकृतिक खेती के माध्यम से मृदा उर्वरता बनाए रखने, सतत पोषक तत्व प्रबंधन तथा मृदा संरक्षण से संबंधित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कृषि सखी श्रीमती बिरशी कुमारी एवं किसान मास्टर ट्रेनर श्रीमती गीता मंडल ने कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया।



## नेवल चिल्ड्रन स्कूल में हस्तशिल्प पर कौशल विकास प्रशिक्षण आयोजित

श्री विजय पुरम, 31 दिसंबर

उद्योग निदेशालय द्वारा 29 से 31 दिसंबर तक नेवल चिल्ड्रन स्कूल में 'हस्तशिल्प (नारियल के खोल, लकड़ी तथा बेंत एवं बाँस उत्पाद)' विषय पर तीन दिवसीय अल्पकालिक कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का समापन समारोह आज प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता देवी एवं उप–प्रधानाचार्या श्रीमती प्रियंका तिवारी सहित अन्य संकाय सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में कुल 50 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया, जिसका उद्देश्य विद्यालयों में बैगलेस दिनों के लिए उपयुक्त बुनियादी कौशल एवं तकनीकी ज्ञान का विकास करना था। प्रतिभागियों को रचनात्मकता को बढ़ावा देने तथा स्थानीय शिल्प के प्रति सराहना विकसित करने हेतु प्रारंभिक व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया गया। प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार सभा को संबोधित करते हुए उद्योग निदेशालय के श्री लियाकत अली ने बैगलेस पहल के समर्थन में विभाग की विभिन्न पहलों, रचनात्मक शिक्षण को प्रोत्साहन तथा विद्यार्थियों में कौशल–आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता देवी ने स्थानीय संसाधनों की संभावनाओं के अनुरूप तथा विद्यार्थियों में रचनात्मकता विकसित करने के लिए प्रारंभिक व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने वाले ऐसे हस्त–प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन हेतु उद्योग विभाग के प्रयासों की सराहना की।



## रेंजर पद के लिए लिखित परीक्षा केन्द्र में बदलाव

श्री विजय पुरम, 31 दिसंबर

अण्डमान तथा निकोबार प्रशासन के पर्यावरण एवं वन विभाग के अंतर्गत वन रेंजर पद हेतु लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि प्रस्तावित वीवीआईपी यात्रा के मद्देनज़र 3 जनवरी, 2026 एवं 4 जनवरी, 2026 को 'डीब्राइट' में आयोजित होने वाली लिखित परीक्षाओं का परीक्षा केंद्र/स्थल नीचे दर्शाए अनुसार परिवर्तित कर दिया गया है।

| क्र.सं. | विषय | तारीख | दिन | समय | कार्यक्रम का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कंप्यूटर अनुप्रयोग, कंप्यूटर इंजीनियरिंग, कंप्यूटर विज्ञान | 03/01/2026 | शनिवार | सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक | कार्मेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, श्री विजय पुरम |
| 2 | वानिकी, भौतिकी | 03/01/2026 | शनिवार | दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक | कार्मेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, श्री विजय पुरम |
| 3 | सामान्य ज्ञान और सामान्य अंग्रेजी | 04/01/2026 | रविवार | सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक | कार्मेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, श्री विजय पुरम |

प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार इस संबंध में विभाग द्वारा जारी की गई अन्य सभी शर्तें, नियम एवं हॉल टिकट यथावत रहेंगे। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी दूरभाष संख्या 03192–233233/241874 पर संपर्क कर सकते हैं।

## बृंदाबन में निर्माण श्रमिकों के लिए शिविर 3 जनवरी को

श्री विजय पुरम, 31 दिसंबर

अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड, बृंदाबन ग्राम पंचायत के सहयोग से, 3 जनवरी को सुबह 10 बजे दक्षिण अण्डमान के बृंदाबन ग्राम पंचायत परिसर में निर्माण श्रमिकों के लिए जागरूकता–सह–पंजीकरण शिविर का आयोजन करेगा। प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार इस शिविर का उद्देश्य निर्माण श्रमिकों को बोर्ड द्वारा क्रियान्वित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा एवं कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना तथा स्थल पर ही उनका पंजीकरण सुनिश्चित करना है। इस शिविर में भाग लेने से श्रमिकों को उपलब्ध कल्याणकारी लाभों की बेहतर जानकारी प्राप्त होगी और वे इन लाभों का लाभ उठाने हेतु अपना पंजीकरण करा सकेंगे। बृंदाबन एवं आसपास के सभी निर्माण श्रमिकों से इस अवसर का अधिकतम लाभ उठाने हेतु शिविर में भाग लेने का आग्रह किया गया है।

## फरारगंज सामुदायिक विकास खंड में प्रशिक्षण आयोजित

श्री विजय पुरम, 31 दिसंबर

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) के अंतर्गत 'ग्राम पंचायत में स्वयं के स्रोत से राजस्व (ओएसआर) सृजन हेतु व्यवहार्य वित्तीय मॉडल की तैयारी' विषय पर दो दिवसीय खंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का 29 एवं 30 दिसंबर, 2025 को सीएमटीसी भवन, सीडी ब्लॉक फरारगंज, दक्षिण अण्डमान में सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम फेरारगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायतों के प्रधानों एवं पंचायत सचिवों के लिए आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य प्रभावी ओएसआर सृजन के माध्यम से ग्राम पंचायतों की वित्तीय स्थिरता को सुदृढ़ करना था।

कार्यक्रम के अंतर्गत फरारगंज ब्लॉक में ओएसआर सृजन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया। शोर प्वाइंट, छोलदारी एवं मीठाखाड़ी ग्राम पंचायतों को फरारगंज की खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) श्रीमती ललिता टिग्गा द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। प्रशिक्षण के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों के लिए पुरस्कार भी वितरित किए गए।



सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय द्वारा प्रकाशित तथा प्रबन्धक, राजकीय मुद्रणालय द्वारा मुद्रित, वितरण तथा विज्ञापन के लिए फोन–229465, प्रधान सम्पादक (प्रभारी) पी. कैरल डी. सोणी
e-mail:dweepsamachar@gmail.com

## शपथ पत्र

मैं, एम. रेनुका, पुत्री एन. मुरुगन, निवासी तुष्णाबाद गांव के अंतर्गत फरारगंज तहसील, दक्षिण अण्डमान जिला, एतद्द्वारा सत्यनिष्ठा से शपथ लेकर निम्नलिखित कथन करती हूँ :

1. कि मैं इन द्वीपों का स्थायी निवासी हूँ तथा उपरोक्त उल्लिखित पते पर निवास करती हूँ।
2. कि मेरी माता का नाम मेरे जन्म प्रमाण पत्र में राजनी तथा दसवीं कक्षा की अंक सूची एवं अन्य दस्तावेजों में एम. राजानी अंकित है, जबकि मेरी माता का सही नाम एम. रजनी है, जो उनकी आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं अन्य आधिकारिक दस्तावेजों में दर्ज है।
3. कि मेरी माता का वास्तविक एवं सही नाम एम. रजनी है।
4. कि मैं यह शपथ पत्र इस आशय से दे रहा हूँ कि उपरोक्त उल्लिखित सभी नाम एक ही व्यक्ति के हैं तथा उनमें कोई अंतर नहीं है। यह घोषणा मेरे जन्म प्रमाण पत्र में सुधार एवं अन्य आधिकारिक दस्तावेजों के प्रयोजन हेतु आवश्यक है।

शपथकर्त्ता

## शपथ पत्र

मैं, के. एलंगो, पुत्र श्री पी. एल. करुप्पैया, निवासी लम्बा लाइन, श्री विजय पुरम के अंतर्गत, केन्द्र शासित प्रदेश अण्डमान एवं निकोबार द्वीपसमूह, सत्यनिष्ठा से यह शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि :

1. मुझे पासपोर्ट संख्या B2009861 जारी किया गया है।
2. मेरे पिता एवं माता का सही एवं वास्तविक नाम क्रमशः पी. एल. करुप्पैया एव के. अन्नाम्मल है।
3. मेरे पासपोर्ट में मेरे पिता एवं माता का नाम गलती से 'करुप्पैया और अन्नाम्मल' अंकित हो गया है, जबकि सही नाम 'पी. एल. करुप्पैया और के. अन्नाम्मल' है।
4. के. एलंगों, पुत्र पी.एल. करुप्पैया एवं के. अन्नाम्मल तथा के. एलंगो, पुत्र करुप्पैया एवं अन्नाम्मल एक ही व्यक्ति को संदर्भित करते हैं, अर्थात मैं स्वयं। यह अंतर केवल लिपिकीय/टंकण त्रुटि के कारण हुआ है।
5. मैं यह शपथ पत्र अपने पासपोर्ट के उद्देश्य से अपने पिता एवं माता के सही नाम को स्पष्ट करने एवं पुष्टि करने हेतु प्रस्तुत कर रहा हूँ।
6. उपर्युक्त सभी कथन मेरे ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही है तथा इसमें कोई भी महत्वपूर्ण तथ छिपाया नहीं गया है।

स्थान : श्री विजय पुरम

शपथकर्त्ता

## Vacancy Notice

Applications are invited from the willing and eligible employees working under the Central / State Govt. /UTs/ Public Sector Undertakings and Autonomous Organizations for filling up of the post of Higher Grade Clerk in A&N Islands Khadi & V.I. Board on deputation basis. The details are as under :-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Post | **Higher Grade Clerk** |
| 2. | Scale of Pay | Level 4 (Rs.25500-81100) in Pay Matrix |
| 3. | No. of Vacancy | 01 (one) |
| 4. | Application details | Format for applying to the post of Higher Grade Clerk may be downloaded from the URL https://andamannicobar.gov.in/Ann_all |

More details of the post is available in the A&N Administration's web site https://andamannicobar.gov.in/Ann_all.

Filled in application along with necessary documents may be submitted to the office of Executive Officer, A&NI KVIB, Middle Point, Sri Vijaya Puram latest by 1600 hrs on or before 05.02.2026 positively.

Executive Officer, ANI KVIB

GRAM PANCHAYAT, HUT BAY - LITTLE ANDAMAN

## e-TENDER NOTICE

Tender No. 1-80/GP/HB/LA/2025-26/294 Dt : 26.12.2025

Online e-tenders are invited on behalf of the Gram Panchayat, Hut Bay, Little Andaman from reputed Suppliers/Authorized Dealers/ Firms / Cooperative Societies for Supply, Installation & Maintenance of Amusement Rides (Electric Toy Train Ride & Sun-Moon Wheel Ride) at Chidambaram Park, Hut Bay, conforming to ISI / safety standards.

EMD : Rs. 20,000/- (Rupees twenty thousand only)
Bid Submission (Online only): https://eprocure.andamannicobar.gov.in
Tender Fee : Rs.100 /- (Rupees one hundred only)
Last Date & Time : 20.01.2026 up to 04.00 PM
Bid Opening : 21.01.2026 at 11.00 AM

Detailed terms, specifications & conditions are available on the e-procurement portal. The undersigned reserves the right to accept or reject any or all tenders without assigning reasons.

Pradhan
Gram Panchayat, Hut Bay

# सरकार ने दर्द और बुखार में इस्तेमाल होने वाली दवा 'निमेसुलाइड' पर प्रतिबंध लगाया

नई दिल्ली, 31 दिसम्बर। सरकार ने दर्द और बुखार में इस्तेमाल होने वाली निमेसुलाइड दवा को लेकर बड़ा फैसला लिया है। केंद्र सरकार ने 100 मिलीग्राम से अधिक डोज वाली निमेसुलाइड की सभी ओरल (खाने वाली) दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है।

यह प्रतिबंध ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 की धारा 26। के तहत ड्रग्स टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड से परामर्श के बाद लगाया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया है कि 100 मिलीग्राम से अधिक डोज वाली निमेसुलाइड दवाओं के इस्तेमाल से मानव स्वास्थ्य को जोखिम हो सकता है और इनके सुरक्षित विकल्प पहले से मौजूद हैं।

निमेसुलाइड एक नॉन–स्टेरॉइडल एंटी–इंफ्लेमेटरी दवा है, जिस पर लिवर को नुकसान पहुंचाने जैसे दुष्प्रभावों को लेकर पहले से ही वैश्विक स्तर पर चिंता जताई जाती रही है। सरकार का यह कदम दवाओं की सुरक्षा को मजबूत करने और ज्यादा जोखिम वाली दवाओं को चरणबद्ध तरीके से हटाने की दिशा में उठाया गया है।

यह प्रतिबंध केवल इंसानों के लिए 100 मिलीग्राम से अधिक डोज वाली निमेसुलाइड पर लागू होगा, जबकि कम डोज की दवाएं और अन्य विकल्प बाजार में उपलब्ध रहेंगे। निमेसुलाइड ब्रांड बेचने वाली दवा कंपनियों को अब इसका उत्पादन रोकना होगा और प्रभावित बैच को वापस मंगाना होगा।

विशेषज्ञों का मानना है कि इस फैसले से बड़ी दवा कंपनियों पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा, क्योंकि निमेसुलाइड की बिक्री एनएसएआईडी बाजार का छोटा हिस्सा है, लेकिन जिन छोटी कंपनियों की कमाई का बड़ा हिस्सा इसी दवा से आता है, उन्हें नुकसान हो सकता है।

भारत पहले भी सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए धारा 26A के तहत कई फिक्स्ड–डोज कॉम्बिनेशन और जोखिम वाली दवाओं पर प्रतिबंध लगा चुका है। इसके साथ ही सरकार देश में एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने पर भी जोर दे रही है। सितंबर 2025 तक बल्क ड्रग पार्क योजना के तहत 4,763 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जा चुका है।

# परीक्षार्थियों के लिए तनाव प्रबंधन कार्यक्रम आयोजित

श्री विजय पुरम, 31 दिसम्बर



बाल देखभाल संस्थानों (सीसीआई) में रहने वाले बच्चों के बीच मानसिक कल्याण और भावनात्मक लचीलेपन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से, राज्य बाल संरक्षण सोसायटी (एससीपीएस), समाज कल्याण निदेशालय ने 'पंख' एनजीओ के सहयोग से बच्चों को परीक्षा संबंधी तनाव से निपटने में मदद करने के लिए एक तनाव प्रबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत नोडल अधिकारी (मिशन वात्सल्य) डॉ. श्वेता के स्वागत भाषण से हुई।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. निधि प्रकाश ने रिसोर्स पर्सन के रूप में काम किया। ग्राउंडिंग अभ्यास, लचीलापन–आधारित गतिविधियों और इंटरैक्टिव सत्रों के माध्यम से, बच्चों को तनाव प्रबंधन के व्यावहारिक तरीकों पर मार्गदर्शन किया गया। एकाग्रता और शैक्षणिक प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए एक्टिव रिकॉल और पोमोडोरो तकनीक जैसी प्रभावी अध्ययन तकनीकें भी पेश की गईं।

प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार 'पंख' एनजीओ की संस्थापक श्रीमती कोमल आनंद ने बच्चों को आत्म–विश्वास और मार्गदर्शन के महत्व पर ज़ोर देते हुए आत्मविश्वास के साथ शैक्षणिक चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रोत्साहित किया। समापन सत्र में, श्रीमती रेहनेथ बेगम, कार्यक्रम प्रबंधक, एससीपीएस ने बच्चों को समाज कल्याण निदेशालय द्वारा कार्यान्वित प्रमुख कल्याणकारी योजनाओं और सहायता सेवाओं के बारे में जागरूक किया। इनमें देखभाल की आवश्यकता वाले बच्चों की देखभाल, सुरक्षा और पुनर्वास के लिए मिशन वात्सल्य, चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) शामिल है, जो चौबीसों घंटे आपातकालीन सहायता, परामर्श और रेफरल सेवाएं और बच्चों की सुरक्षा, समग्र विकास और कल्याण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अन्य संस्थागत तंत्र प्रदान करती है। बच्चों को ज़रूरत पड़ने पर इन सेवाओं तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का समापन सेवा निकेतन के प्रभारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# नये साल से बदलेंगे कई नियम, आम लोगों पर पड़ेगा सीधा असर

नई दिल्ली, 31 दिसम्बर। नया साल 2026 कई बड़े बदलावों के साथ शुरू होगा। 1 जनवरी 2026 से बैंकिंग, टैक्स, सरकारी योजनाओं, गैस की कीमतों, स्कूल व्यवस्था और पैन–आधार लिंक से जुड़े कई नियम बदलने जा रहे हैं। इन बदलावों का असर किसानों, नौकरीपेशा लोगों, बुजुर्गों और मध्यम वर्ग पर पड़ेगा।

राशन कार्ड प्रक्रिया होगी आसान : 2026 से राशन कार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा मिलेगी। इससे लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, खासकर ग्रामीण इलाकों में राहत मिलेगी।

किसानों के लिए नए नियम : कई राज्यों में किसान आईडी अनिवार्य होगी। इसके बिना पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त अटक सकती है। फसल बीमा योजना में भी बदलाव होगा और जंगली जानवरों से फसल नुकसान को शामिल किया जाएगा। नुकसान की सूचना 72 घंटे के भीतर देनी होगी।

बैंकिंग और टैक्स में बदलाव : आईटीआर फॉर्म में ज्यादा जानकारी देनी होगी। क्रेडिट स्कोर अब 7 दिन में अपडेट होगा। बैंकों की लोन और एफडी दरों में भी बदलाव संभव है।

सरकारी स्कूलों में डिजिटल अटेंडेंस : सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति टैब के जरिए दर्ज की जाएगी, जिससे निगरानी और पारदर्शिता बढ़ेगी।




सोशल मीडिया पर सख्ती : 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया इस्तेमाल पर नए और सख्त नियम लागू हो सकते हैं।

गैस की कीमतों में राहत की उम्मीद : 1 जनवरी 2026 से घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम घट सकते हैं। साथ ही CNG और PNG की कीमतों में भी कमी की संभावना है।

8वें वेतन आयोग की उम्मीद : केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए 8वें वेतन आयोग की सिफारिशें लागू हो सकती हैं, जिससे सैलरी और पेंशन बढ़ने की संभावना है।

रियल एस्टेट में निवेश होगा आसान : REITs को म्यूचुअल फंड की तरह माना जाएगा, जिससे छोटे निवेशकों को फायदा मिलेगा।

पैन–आधार लिंक जरूरी : 1 जनवरी 2026 तक पैन कार्ड को आधार से लिंक करना अनिवार्य होगा। लिंक न होने पर पैन निष्क्रिय हो सकता है।

# शतरंज के नए 'सुपरस्टार' अर्जुन एरिगैसी ने रचा इतिहासः वर्ल्ड ब्लिट्ज में जीता कांस्य पदक

नई दिल्ली, 31 दिसम्बर। दोहा में आयोजित फिडे वर्ल्ड रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप 2025 में भारत के युवा ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया है। इस जीत के साथ ही अर्जुन, दिग्गज विश्वनाथन आनंद के बाद ओपन कैटेगरी के रैपिड और ब्लिट्ज दोनों प्रारूपों में पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। हालांकि सेमीफाइनल में उन्हें उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन पूरे टूर्नामेंट में दिग्गज मैग्नस कार्लसन और अन्य खिलाड़ियों के खिलाफ उनका खेल लाजवाब रहा।

अर्जुन की इस गौरवमयी उपलब्धि पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के जरिए अपनी खुशी जाहिर की। पीएम ने लिखा, "शतरंज में भारत की तरक्की जारी है। अर्जुन एरिगैसी की प्रतिभा, धैर्य और जुनून कमाल के हैं।" प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि उनकी यह सफलता देश के करोड़ों युवाओं को प्रेरित करेगी। एरिगैसी ने टूर्नामेंट के 13 गेम्स में 10 अंक लेकर एक समय एकल बढ़त बना ली थी और सेमीफाइनल तक का सफर तय करने के दौरान कई अनुभवी ग्रैंडमास्टर्स को मात दी।

इस चैंपियनशिप में दुनिया के नंबर–1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने नौवीं बार वर्ल्ड ब्लिट्ज का खिताब जीतकर अपना दबदबा कायम रखा, वहीं महिला वर्ग में कजाकिस्तान की बिबिसारा असाउबायेवा चैंपियन बनीं। 22 वर्षीय एरिगैसी के लिए एक ही सप्ताह में दो वैश्विक कांस्य पदक जीतना भारतीय शतरंज के स्वर्णिम युग की ओर इशारा करता है। अर्जुन ने अपनी सफलता से साबित कर दिया है कि वे भविष्य में विश्व चैंपियन बनने के प्रबल दावेदार हैं। खेल प्रेमियों ने उनकी इस उपलब्धि को भारतीय खेलों के लिए साल का शानदार अंत बताया है।

# बेंगलुरु में बनेगा उच्च प्रदर्शन केंद्र, खेल मंत्री ने किया वर्चुअली शिलान्यास

नई दिल्ली, 31 दिसम्बर। केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने बुधवार को बेंगलुरु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनएसएससी) में अत्याधुनिक उच्च प्रदर्शन केंद्र (एचपीसी) के शिलान्यास समारोह का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। प्रस्तावित उच्च प्रदर्शन केन्द्र की कुल परियोजना लागत 75 करोड़ रुपये है।

खेल मंत्रालय ने बताया कि इसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के 60 करोड़ रुपये के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व सहयोग से विकसित किया जाएगा। यह एक ही स्थान पर एकीकृत, विश्व स्तरीय खेल विज्ञान और सहायक सुविधाएं प्रदान कर भारत में श्रेष्ठ एथलीट तैयार करने के परितंत्र में अहम योगदान देगा। निर्माण पूरा होने पर, उच्च प्रदर्शन केन्द्र में खेल चिकित्सा, शक्ति और कंडीशनिंग, पुनर्वास और रिकवरी, बायोमैकेनिक्स, फिजियोलॉजी, मनोविज्ञान, पोषण, प्रदर्शन विश्लेषण और हाइड्रोथेरेपी की उन्नत सुविधाएं होंगी, जो एथलीटों की समग्र, वैज्ञानिक और डेटा–संचालित तैयारी सक्षम बनाएंगी।

कार्यक्रम को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए डॉ. मांडविया ने कहा कि यह केंद्र, खेल स्पर्धाओं में भारत के केवल भाग लेने भर के दृष्टिकोण से आगे बढ़ते हुए पोडियम पर पदक हासिल करने वाले खेल राष्ट्र बनने के बदलाव को दर्शाता है।

# ओडिशा तट पर एक ही लॉन्चर से दो प्रलय मिसाइलें दागने का सफल रहा परीक्षण

नई दिल्ली, 31 दिसम्बर। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बुधवार को ओडिशा के तट पर एक ही लॉन्चर से एक के बाद एक दो प्रलय मिसाइलें लॉन्च कीं। दोनों मिसाइलों ने तय रास्ते पर चलते हुए सभी उड़ान मानक पूरे किए, जिसकी पुष्टि ओडिशा के चांदीपुर में लगाए गए ट्रैकिंग सेंसर ने की। सफल परीक्षण के बाद अब इस मिसाइल प्रणाली को वायु सेना और भारतीय सेना के साथ शामिल करने की तैयारी जल्द ही शुरू हो जाएगी।

डीआरडीओ ने आज सुबह करीब 10:30 बजे चांदीपुर के आईटीआर से एक ही लॉन्चर से दो प्रलय मिसाइलें एक के बाद एक सफलतापूर्वक लॉन्च कीं। यह उड़ान परीक्षण उपयोगकर्ता मूल्यांकन परीक्षण के हिस्से के तौर पर किया गया था। दोनों मिसाइलों ने तय रास्ते पर चलते हुए सभी उड़ान उद्देश्य पूरे किए। प्रलय देश में बनी ठोस प्रणोदक अर्ध–बैलिस्टिक मिसाइल है, जो अलग–अलग लक्ष्यों पर कई तरह के वॉरहेड ले जाने में सक्षम है।

डीआरडीओ ने इस मिसाइल को विकसित किया है, जिसका परीक्षण रेंज 475 किलोमीटर तक था। सतह से सतह पर मार करने वाली इस मिसाइल की मारक क्षमता 500 किमी. तक है। इस मिसाइल को पश्चिमी और उत्तरी सीमा पर तैनात किये जाने की मंजूरी सरकार से मिल चुकी है। मिसाइल की जद में पाकिस्तान के कई प्रमुख एयरबेस और महत्वपूर्ण चीनी ठिकाने आएंगे। इस मिसाइल को उच्च–स्तरीय दुश्मन ठिकानों, जैसे हवाई अड्डे, आपूर्ति डिपो और सैन्य ठिकानों पर सटीक हमले के लिए डिजाइन



किया गया है।

इस मिसाइल को रिसर्च सेंटर इमारत, हैदराबाद ने डीआरडीओ की दूसरी प्रयोगशाला रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला, उन्नत प्रणाली प्रयोगशाला, आयुध अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान, उच्च ऊर्जा सामग्री अनुसंधान प्रयोगशाला, रक्षा धातुकर्म अनुसंधान प्रयोगशाला, टर्मिनल बैलिस्टिक अनुसंधान प्रयोगशाला, अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (इंजीनियर) ने भारत डायनामिक्स लिमिटेड, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड और दूसरे भारतीय उद्योगों के साथ मिलकर विकसित किया है।

परीक्षण के लिए मिसाइल प्रणाली को दो विकास–सह–उत्पादन भागीदारों ने एकीकृत किया था। परीक्षण को डीआरडीओ के वरिष्ठ वैज्ञानिकों, वायु सेना और भारतीय सेना के अधिकारियों के साथ–साथ विकास–सह–उत्पादन भागीदारों के प्रतिनिधियों ने देखा।

# इतिहास के पन्नों में 01 जनवरी : 1978 में 213 यात्रियों के साथ समुद्र में डूब गया था एयर इंडिया का विमान

नई दिल्ली, 31 दिसम्बर। नए साल की शुरुआत आमतौर पर उल्लास और उम्मीदों के साथ होती है, लेकिन इतिहास के पन्नों में 1 जनवरी 1978 की एक दुखद त्रासदी भी दर्ज है। इसी दिन एयर इंडिया का बोइंग 747 विमान, जिसे 'सम्राट अशोक' नाम दिया गया था, उड़ान भरने के कुछ ही क्षणों बाद अरब सागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यह विमान बंबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना हुआ था।

विमान में कुल 213 लोग सवार थे, जिनमें 190 यात्री और चालक दल के 23 सदस्य शामिल थे। हादसे के तुरंत बाद कई तरह की अटकलें सामने आईं और इसे साजिश से जोड़कर भी देखा गया। हालांकि, समुद्र से बरामद मलबे और तकनीकी जांच के बाद यह स्पष्ट हुआ कि दुर्घटना का कारण यांत्रिक खराबी थी। यह हादसा भारतीय विमानन इतिहास की सबसे दर्दनाक घटनाओं में गिना जाता है, जिसने नए साल के जश्न को शोक में बदल दिया।

महत्वपूर्ण घटनाचक्र–1600 – स्कॉटलैंड में 25 मार्च के बजाय 01 जनवरी से नये साल की शुरुआत।

1664 – छत्रपति शिवाजी ने सूरत अभियान शुरू किया।

1785 – 'डेली यूनिवर्सल रजिस्टर' (टाइम्स ऑफ लंदन) का पहला अंक प्रकाशित हुआ।

1808 – अफ्रीकी देश सिएरा लियोन ब्रिटिश उपनिवेश बना।

1862 – 'भारतीय दंड संहिता' लागू किया गया।

1877 – इंग्लैण्ड की महारानी विक्टोरिया भारत की साम्राज्ञी बनी।

1880 – देश में मनी आर्डर प्रणाली की शुरुआत हुई।




1906 – ब्रिटिश सरकार ने भारतीय मानक को स्वीकार किया।

1915 – महात्मा गांधी को दक्षिण अफ्रीका में उनके कार्यों के लिये वायसरॉय ने 'केसर–ए–हिंद' से सम्मानित किया।

1949 – कश्मीर में युद्धविराम की घोषणा हुई।

1950 – अजाइगढ़ का राज्य भारत संघ में मिलता है।

1955 – भूटान ने पहला डाक टिकट जारी किया गया।

1971 – टेलीविजन पर सिगरेट विज्ञापनों का प्रसारण प्रतिबंधित किया गया।

1992 – डॉक्टर बुतरोस घाली ने संयुक्त राष्ट्र संघ महासचिव का कार्यभार ग्रहण किया।

1992 – भारत और पाकिस्तान ने पहली बार अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूचियों की अदला–बदली की।

1993 – चेकोस्लोवाकिया का दो स्वतंत्र गणराज्यों– चेक एवं स्लोवाक के रूप में विभाजन।

1994 – 'उत्तरी अ़रीका मुक्त व्यापार समझौता' (नाटा) व्यापारिक बना।

**Office of the Administrator**
**R & R Scheme under RFCTLARR 2013 (Deputy Commissioner)**
**Nicobar District**
**Car Nicobar**

Dated the 31 December 2025

## ORDER

**Sub: Formation of verification committee for conduct of Census for Relief & Rehabilitation (R&R) under Section 16 of the RFCTLARR Act, 2013 - reg.**

Whereas, under Section 16(1) of the RFCTLARR Act, 2013, upon the publication of the preliminary notification under sub-section (1) of section 11 by the Collector, the Administrator for Rehabilitation and Resettlement shall conduct a survey and undertake a census of the affected families, in such manner and within such time as may be prescribed;

And Whereas, the undersigned is appointed as the Administrator for the jurisdiction of Nicobar District to perform the functions of Administrator for the purpose of Rehabilitation and Resettlement Scheme under sub-section 1 of Section 43 of the RFCTLARR Act 2013 vide Notification No. F No. 34-725/2017- Rev dated 14.11.2017 of the Secretariat, A & N Islands.

And Whereas for the purpose of verification of this census data prepared by the census team so constituted under Rehabilitation and Resettlement Scheme, it is hereby ordered that the following officers/officials will be the Verification Team in respect of the data prepared by the census team in the prescribed format as enclosed under the supervision of Assistant Commissioner, Campbell Bay as below:

| Verification Team Members with designation & contact number |
|---|
| 1. Mrs. Madhuri Sharma, Executive Engineer, APWD, Campbell Bay Mobile No. 9933263790 |
| 2. Shri Soundara Pandian, ACF, Campbell Bay, Mobile No.9531880173 |
| 3. Dr. Parag Deori, Sr. Vet. Officer Mob. 8900943321 |
| 4. C.S. Pillai, Tehsildar, Campbell Bay Mob. 9434262697 |
| 5. Anujesh Rai, Tribal Welfare Officer, Mob. 9531932820 |
| 6. Sekhar Rai, BDO, C/Bay, Mob. 9531818305 |
| 7. Smti. Shakila Nawaz, Assistant Director, Agri. Dept, Campbell Bay |

The verification team will be verifying the door to door census data prepared by the census team in respect of each of the affected person in the ongoing Land Acquisition for INS Baaz in the prescribed Table Formats within the prescribed time limit and submit their data duly signed to the Assistant Commissioner, Campbell Bay for onward submission to this office.

The Assistant Commissioner, Campbell Bay will forward the same data to the Deputy Commissioner, Nicobar District (Administrator) after validation and consolidation and in the shape of Tables Format as per Section 16 Sub-Section 1(a) to 1(e), Section 16 Sub-section 2 (i) to 2(ii) read with Rule 7 of the A & N Islands RFCTLARR Rules 2018 and in line with the Schedule II of the said Act.

**Deputy Commissioner**
**Nicobar District**
**(Administrator, R & R Scheme)**

# सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री ने 2026 के लिए भारत सरकार का आधिकारिक कैलेंडर जारी किया

नई दिल्ली, 31 दिसम्बर। सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने बुधवार को वर्ष 2026 के लिए भारत सरकार का आधिकारिक कैलेंडर जारी किया। इस वर्ष के कैलेंडर की थीम "भारत@2026: सेवा, सुशासन और समृद्धि" रखी गई है।

इस अवसर पर डॉ. मुरुगन ने कहा कि वर्ष 2025 के दौरान सरकार द्वारा किए गए कई बड़े सुधार विकसित भारत 2047 की दिशा में देश की राष्ट्रीय यात्रा का एक महत्वपूर्ण अध्याय हैं। उन्होंने बताया कि इन सुधारों का उद्देश्य समावेशी विकास को बढ़ावा देना, अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना और देश के दीर्घकालिक विकास के लिए एक टिकाऊ आधार तैयार करना है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों के केंद्र में आर्थिक और कर सुधार रहे, जिनका मकसद नागरिकों पर बोझ कम करना और स्वैच्छिक अनुपालन को प्रोत्साहित करना है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संजय जाजू ने कहा कि 'भारत @ 2026: सेवा, सुशासन और समृद्धि' थीम पर आधारित यह कैलेंडर भारत को परिवर्तन के एक महत्वपूर्ण दौर में दर्शाता है। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कथन का उल्लेख करते हुए कहा कि देश एक 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' में सवार है, जिसमें सुधारों के साथ–साथ समावेश और आशाएं भी शामिल हैं। यह कैलेंडर इसी विज़न को साकार करने का प्रयास है। जाजू ने बताया कि कैलेंडर में इस व्यापक दृष्टिकोण को सरल मासिक थीम के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जो देश के विभिन्न क्षेत्रों, समुदायों और पीढ़ियों का प्रतिनिधित्व करती हैं।

इस अवसर पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव प्रभात, पीआईबी की महानिदेशक अनुपमा भटनागर तथा सीबीसी की महानिदेशक कंचन प्रसाद भी उपस्थित थीं।

**Prevailing wholesale and Retail Selling Price of Essential Commodities in the local market from Dec. 29, 2025 to Jan. 4, 2026**

| Sl. No. | ITEMS | BRAND & VARIETY | RETAIL PRICE | WHOLESALE PRICE |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Rice | Andhra Ponni Cycle Brand | 55.00 | 50.00 |
| 2. | - | Raw Rice Tajmahal/Apple | 50.00 | 45.00 |
| 3. | Rice | Ponni Raw Rice Shivaji Brand(VST/LST/SST) | 75.00 | 68.00 |
| 4. | Rice | Ponni boil Rice Shivaji Brand (VST/LST/SSLT) | 70.00 | 64.00 |
| 5. | - | Ponni Raw Rice VKR Shivaji Brand | 96.00 | 87.00 |
| 6. | - | Ponni Boiled Rice VKR Shivaji Brand | 94.00 | 85.00 |
| 7. | Wheat Loose | - | 49.00 | 45.00 |
| 8. | Atta | Ashirvaad | As per MRP | 65.00 |
| 9. | Atta Local | KVR | As per MRP | 60.00 |
| 10. | Atta | Fortune | As per MRP | 63.00 |
| 11. | Gram Dhal (01 kg) | Loose | 91.00 | 82.00 |
| 12. | Tur Dhal (01 kg) | Special | 132.00 | 120.00 |
| 13. | Tur Dhal (01 kg) | Chennai | 115.00 | 105.00 |
| 14. | Moong Dhal (01 kg) | Quality 1 | 120.00 | 109.00 |
| 15. | Urad Dhal (01 kg) | Quality 1 | 127.00 | 115.00 |
| 16. | Urad Dhal (01 kg) | Quality 2 | 124.00 | 113.00 |
| 17. | Masur Dhal (01 kg) | Quality 1 | 97.00 | 88.00 |
| 18. | White Mutter(1 kg) | Loose | 57.00 | 51.00 |
| 19. | Sugar (1 kg) | Loose | 56.00 | 51.00 |
| 20. | Mustard Oil 1 ltr | Netaji | As per MRP | 195.00 |
| 21. | Mustard Oil 500ml | Mashal | As per MRP | 100.00 |
| 22. | Mustard Oil 1 ltrs | Mashal | As per MRP | 200.00 |
| 23. | Mustard Oil (02 Ltrs) | Mashal | As per MRP | 400.00 |
| 24. | Mustard Oil (05 Ltrs | Mashal | As per MRP | 1000.00 |
| 25. | Mustard Oil (500 ml) | Shalimar | As per MRP | 95.00 |
| 26. | Mustard Oil 1 ltr | Shalimar | As per MRP | 185.00 |
| 27. | Mustard Oil (02 Ltrs) | Shalimar | As per MRP | 370.00 |
| 28. | Mustard Oil (05 Ltrs) | Shalimar | As per MRP | 930.00 |
| 29 | Vanaspati Per Ltr | Dalda | As per MRP | 182.00 |
| 30. | Sunflower Oil Per Ltr | Dalda | As per MRP | 155.00 |
| 31. | Sunflower Oil Per Ltr | Sunland | As per MRP | 164.00 |
| 32. | Palm Oil Per Ltr | Roobini | As per MRP | 137.00 |
| 33. | Mustard Oil 500ml | Fortune | As per MRP | 100.00 |
| 34. | Mustard Oil 1 ltr | Fortune | As per MRP | 200.00 |
| 35. | Mustard Oil 5 ltrs | Fortune | As per MRP | 890.00 |
| 36. | Tea | BBT 1 kg Packet | As per MRP | 535.00 |
| 37. | Milk | Everyday Powder 1 kg | As per MRP | 600.00 |
| 38. | - | AmulTaaza 1 ltr | As per MRP | 72.00 |
| 39. | - | AmulSpray Powder 1 Kg | As per MRP | 450.00 |
| 40. | - | Good Life 1 ltr. | As per MRP | 72.00 |
| 41 | Potato | Chennai | 40.00 | 30.00 |
| 42 | Onion | Nasik | 60.00 | 50.00 |
| 43 | Tomato | Chennai | 120.00 | 100.00 |
| 44 | Salt (Pack) | Sapan/IFLO | As per MRP | 15.00 |
| 45 | Milk | Go Milk 1 ltr | As per MRP | 74.00 |
| 46 | - | Go Milk 200 ml | As per MRP | 15.00 |
| 47 | Jaggery | Loose | 75.00 | 66.00 |
| 48 | Egg | - | 9.00 | 8.00 |
| 49 | Bajra (Whole) ½ Kg pkt | Loose | As per MRP | - |
| 50 | Jowar (Whole) ½ Kg pkt | Loose | As per MRP | - |
| 51 | Ragi (Whole) ½ Kg pkt | Loose | As per MRP | - |
| 52 | Suji (Whole) ½ Kg pkt | Silver coin | As per MRP | - |
| 53 | Maida (Wheat) ½ Kg pkt | Silver coin | As per MRP | - |
| 54 | Besan½ Kg Pkt | Number One/ Fortune | As per MRP | - |
| 55 | Cow Ghee | Amul/RVC | As per MRP | - |
| 56 | Butter (pasteurised) | - | As per MRP | - |
| 57 | Black Pepper (powder) 0.50grm Pkt | Sakthi/Aachi | As per MRP | - |
| 58. | Coriander (powder) 0.50 grm | Sakthi / Aachi | As per MRP | - |
| 59 | Red Chillies (powder) 100 grm | Sakthi / Aachi | As per MRP | - |
| 60 | Cummin Seed(powder) 0.50 grm | Sakthi / Aachi | As per MRP | - |
| 61 | Turmeric (powder) 100 grm | Sakthi / Aachi | As per MRP | - |

**एफ.सं. 2–25/2025–आर/टीएसडी/डीसी (एसए)**
**ज़िलाधीश का कार्यालय**
**दक्षिण अण्डमान ज़िला, श्री विजय पुरम**

## आदेश सं. 1964

जबकि, दक्षिण अण्डमान ज़िले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पत्र संख्या के माध्यम से एसएसपी (डी) एसए/वीआईपी/2025/5383 दिनांक 22 दिसंबर 2025, 02/01/2026 से 04/01/2026 तक अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह की वीआईपी यात्रा के संबंध में अनुरोध प्रस्तुत किया है।

और जबकि, वीआईपी दक्षिण अण्डमान ज़िले में विभिन्न स्थानों का दौरा करने वाले है, मौजूदा सुरक्षा चिंताओं और हालिया आतंकवादी खतरों के कारण कड़े सुरक्षा उपायों की आवश्यकता है;

और जबकि, ड्रोन नियम, 2021 और ड्रोन (संशोधन) नियम, 2022 के अनुसार सुरक्षा के दृष्टिकोण से अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए एहतियाती उपाय सुनिश्चित करना अनिवार्य है;

अब, इसलिए, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, अर्जुन शर्मा, (आईएएस), ज़िलाधीश, दक्षिण अण्डमान ज़िला, एतद्द्वारा निम्नलिखित निषेधात्मक आदेश जारी करता हूं:

सभी दूर से संचालित विमान प्रणालियों (आरपीए)/ड्रोन के साथ–साथ पैरा–ग्लाइडिंग, पैराशूट जंपिंग, या इसी तरह की हवाई गतिविधियों सहित किसी भी हवाई गतिविधियों का उड़ान, संचालन या उपयोग निम्नलिखित स्थानों पर और उसके आसपास निषिद्ध है:

"वीर सावरकर इंटरनेशनल (वीएसआई) हवाई अड्डा, आईटीएफ ग्राउंड, डीब्राइट, लोक निवास, वंडूर, चिडिया टापू और नेताजी स्टेडियम क्षेत्र।"

यह निषेध 02.01.2026 से 04.01.2026 तक लागू रहेगा, और ड्रोन नियम, 2021 और ड्रोन (संशोधन) नियम, 2022 के प्रावधानों के अनुरूप सख्ती से लागू किया जाएगा।

इस आदेश का उल्लंघन करने वाला कोई भी व्यक्ति भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 223 के साथ–साथ विमान अधिनियम, 1934, ड्रोन नियमों या लागू किसी अन्य प्रासंगिक वैधानिक प्रावधानों सहित कानून के अन्य लागू प्रावधानों के तहत सज़ा के लिए उत्तरदायी होगा।

स्थिति की आकस्मिक प्रकृति और सार्वजनिक सुरक्षा और संरक्षा के हित में, यह आदेश एकपक्षीय जारी किया जा रहा है और तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

यह आदेश अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय के नोटिस बोर्ड के साथ–साथ ज़िला न्यायालय, पोर्ट ब्लेयर में उसकी प्रति चिपकाकर और अण्डमान निकोबार प्रशासन के सूचना, प्रचार और पर्यटन विभाग के माध्यम से क्षेत्रों में प्रचलन वाले समाचार पत्रों में प्रकाशित कर प्रख्यापित किया जाएगा।

आज 30 दिसंबर, 2025 को श्री विजय पुरम में मेरे हाथों और मुहर सहित नीचे दिया गया।

**अर्जुन शर्मा, आईएएस**
**ज़िलाधीश**
**दक्षिण अण्डमान ज़िला**

**Office of the Administrator**
**R & R Scheme under RFCTLARR 2013**
**(Deputy Commissioner)**
**Nicobar District**

Car Nicobar Dated the 31 December 2025

## NOTICE

**Sub: Conduct of Census for Relief & Rehabilitation (R&R) for extension of runway at Naval Air force Station INS Baaz at Campbell Bay under Section 16(1) of the RFCTLARR Act, 2013 - reg.**

Whereas, the notification under sub-section (1) of section11of the RFCTLARR Act, 2013 by the Collector, Land Acquisition is notified vide Notification No.34-725/2025/Rev dated 22.12.2025 of the Assistant Secretary (Rev), Secretariat, A&N Islands and published in the Daily Telegrams Newspaper on 25th December 2025 and Hindi version published in the Dweep Samachar on 25.12.2025 and also published in the Gazette Notification.

And Whereas, the under signed disappointed as the Administrator for the jurisdiction of Nicobar District to perform the functions of Administrator for the purpose of Rehabilitation and Resettlement Scheme under sub-section of Section 43 of the RFCTLARR Act 2013 vide Notification No. F No.34- 725/2017- Rev dated 14.11.2017 of the Secretariat, A & N Islands.

And Whereas, under Section 16(1) of the RFCTLARR Act, 2013, upon the publication of the preliminary notification under sub- section(1) of section11 by the Collector, read with Rule 7 of the A & N Islands RFCTLARR (Compensation, Rehabilitation and Settlement and Development Plan) Rules 2018, the Administrator for Rehabilitation and Resettlement shall conduct a survey and undertake a census of the affected families, in such manner and within such time as may be prescribed;

And Whereas for the purpose of this census under Rehabilitation and Resettlement Scheme, the following team will conduct the census in the prescribed format as enclosed under the supervision of Assistant Commissioner, Campbell Bay with the following teams as below:

| Sl. No. | Name of team leader with designation and contact number | Team member with designation and contact number |
|---|---|---|
| 1. | Mrs. Madhuri Sharma, ExecutiveEngineer, | 1.Sanjay Kumar, (JE APWD) Mob.9679562946 |
| | | 2.SunilKumar,Patwari |
| | APWD, Campbell Bay MobileNo.9933263790 | Mob.9652796900 |
| | | 3.EdmonFernandes, Panchayat Secretary, Mob.9531896264 |
| | | 4.A.Jain(VLW) Mob.No.7063927343 |
| | | 5.Anup Kumar Mondal, (AFA, Agri. Deptt.) Mob.9476024755 |
| | | 6.Ashim,ForestGuard Mob.9474266788 |
| | | 7.Birinda, MukhyaSewika (ICDS) Mob. 9474288099 |
| | | 8.A.VenketRao, Mazdoor,(Agri. Deptt.) |
| | | 9.RitaDevi,AganwadiWorker Mob.9531801389 |
| 2. | ShriSoundaraPandian, ACF, Campbell Bay, Mobile No. 9531880173 | 1. B. Sagar, (JE APWD), Mob. 9531921082 |
| | | 2. Sajida Begum, Patwari Mob. 9476093256 |
| | | 3. Kumar Swamy, Forest Guard Mob. 9434260833 |
| | | 4. NasirHussain, Sub Inspector, Fisheries Deptt. Mob.9476022441 |
| | | 5. Sarfaraj Ali, (VLW) Mob.No. 9933245041. |
| | | 6. Mohammed Nawaz, JSC, (Agri. Deptt.) Mob.9434265641 |
| | | 7. SahilMohammed,Mazdoor (Agri. Deptt.) Mob No. 8762172710 |
| | | 8. U. Devi, Aganwadi Worker Mob. 9476032861 |

The Team leader may depute or engage or change any officer/official/staff posted under Campbell Bay Tehsil for the purpose of census under this Scheme.

The data so prepared by the census team will be verified by the following verification committee as below:

| Verification Team Members with designation & contact number |
|---|
| 1.Mrs. Madhuri Sharma, Executive Engineer, APWD, Campbell Bay Mobile No. 9933263790 |
| 2.Shri Soundara Pandian, ACF, Campbell Bay, MobileNo. 9531880173 |
| 3.Dr. Parag Deori, Sr. Vet. Officer Mob. 8900943321 |
| 4.C.S.Pillai, Tehsildar, Campbell Bay Mob. 9434262697 |
| 5.Anujesh Rai, Tribal Welfare Officer, Mob.9531932820 |
| 6.Sekhar Rai, BDO, C/Bay, Mob. 9531818305 |
| 7.Smti. Shakila Nawaz, Assistant Director, Agri. Dept, CampbellBay |

The verification committee will submit the census data to the Administrator through Assistant Commissioner, Campbell Bay.

Now therefore, it is here by informed to the general public and all affected families/landowners/occupiers of 35.05 hectares of land falling within the proposed acquisition area for the Project of extension of run way at Naval Air force Station INS Baaz at Govind Nagar village of Campbell Bay Tehsil of Nicobar District, that the Census Survey for identification of affected families including title holders, tenants, share croppers, agricultural labourers, artisans, forest dwellers, and others dependent on the said land shall be conducted as per the provisions of the Right to Fair Compensation and Transparency in Land Acquisition, Rehabilitation and Resettlement Act, 2013 and A&N Islands RFCTLARR (Compensation, Rehabilitation and Settlement and Development Plan) Rules 2018; in the Enclosed Format Tables T-1 to T-4 for conducting the census

Census Survey Schedule:
Date(s): 01.01.2026 to 07/01/2026 (Both days inclusive) Time: 9AM to 5PM
Venue/Area Covered: Affected Area of Village of Govind Nagar under Campbell Bay Tehsil

All concerned individuals/families are requested to remain present at their respective premises during the above dates/time to enable the census team to conduct the survey smoothly. Those having rights, claims, tenancy, or dependence on the mentioned land are required to produce necessary documents/records/testimonies for verification.

Name of contact person for any details: Shri. Ahmed Ali, Patwari, Incharge, LA Cell, O/o Assistant Commissioner, Campbell Bay Phone: 6303064268,9474221213, 03193 264264

**Satnam Singh, IAS Deputy Commissioner Nicobar District**
**(Administrator, R&R Scheme)**

# एमवी स्वराज द्वीप चेन्नई जाएगा

श्री विजय पुरम, 31 दिसंबर। सभी यात्रियों/सामान्य जनता को सूचित किया गया है कि प्रशासनिक कारणों से हैडो घाट से 2 जनवरी को सुबह 10 बजे चेन्नई के लिए निर्धारित जहाज़ एमवी स्वराज द्वीप का प्रस्थान स्थगित कर दिया गया है। प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार अब यह जहाज़ उसी दिन अर्थात 2 जनवरी, 2026 को सुबह 10 बजे के स्थान पर सायं 4 बजे हैडो घाट से चेन्नई के लिए प्रस्थान करेगा। यात्रियों का बोर्डिंग दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा तथा जहाज़ के प्रस्थान समय से 30 मिनट पूर्व बोर्डिंग बंद कर दी जाएगी।